3 शब्द-विचार
(Morphology)

देखिए, पढ़िए तथा समझिए–

तो + ता = तोता	क + बू + त + र = कबूतर	सि + या + र = सियार

बच्चो! आपने देखा कि उपर्युक्त चित्रों के नीचे लिखे शब्द– तोता, कबूतर तथा सियार कई वर्णों के मेल से बने हैं। इनका अर्थ समझ में आ रहा है; अतः ये शब्द हैं।

अब इन्हें इस प्रकार लिखें तो–

तातो, कतबूर तथा रयासि

इनका अर्थ समझ में ही नहीं आ रहा। अतः ये शब्द नहीं हैं। ये केवल वर्ण-समूह हैं।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि–

वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।

शब्द के भेद

अर्थ के आधार पर शब्द के दो भेद होते हैं–

1. सार्थक शब्द   2. निरर्थक शब्द

याद रखिए

- भाषा में केवल सार्थक शब्दों को ही महत्व दिया जाता है, निरर्थक शब्दों को नहीं।

1. सार्थक शब्द

जो शब्द किसी अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं; जैसे– राम, मेरठ, किताब, कमल, रामायण, कलम, घर आदि।

2. निरर्थक शब्द

जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं होता है, उन्हें निरर्थक शब्द कहते हैं; जैसे– लमक, वगाँ, हाजज, ताकिब आदि।

आओ दोहराएँ

- वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।
- शब्द दो प्रकार के होते हैं– सार्थक तथा निरर्थक।
- भाषा में केवल सार्थक शब्दों का ही महत्व होता है, निरर्थक शब्दों का नहीं।

अब बताइए

(क) सही विकल्प पर (✓) लगाइए–

1. शब्द किसके मेल से बनते हैं?

   (i) वर्णों के ☐ (ii) मात्राओं के ☐ (iii) व्यंजनों के ☐

2. अर्थ के आधार पर शब्द होते हैं–

   (i) एक प्रकार के ☐ (ii) दो प्रकार के ☐ (iii) तीन प्रकार के ☐

3. भाषा में महत्व होता है–

   (i) सार्थक शब्दों का ☐ (ii) निरर्थक शब्दों का ☐ (iii) दोनों का ☐

4. इनमें सार्थक शब्द है–

   (i) लमक ☐ (ii) मलक ☐ (iii) कमल ☐

(ख) दिए गए शब्दों में रिक्त स्थान भरिए–

1. वर्णों के सार्थक मेल से .... बनते हैं। (वर्ण/शब्द)
2. अर्थ के आधार पर शब्द .... प्रकार के होते हैं। (दो/तीन)
3. .... शब्द का कोई अर्थ नहीं होता है। (सार्थक/निरर्थक)

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

1. शब्द किसे कहते हैं?
2. सार्थक शब्द किसे कहते हैं?
3. निरर्थक शब्द से आप क्या समझते हैं?

(घ) दिए गए वर्णों से शब्द बनाकर लिखिए–

ज, म, ल, प, ला, ह, र, न, ख, ट, ल, र, ग, व।

....